जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं

जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं,
जिसकी हर साँस पर,
केवल राम का नाम है,
जो राम दीवाना कहलाता सरेआम है,
वो हनुमान है वो हनुमान है....

जो सात समंदर लांघे,
और पल में लंका जलाए,
जो अपने इस बल को भी,
बस राम कृपा बतलाए,
जिसके मन में ना कण भी ना अभिमान है,
वो हनुमान है, वो हनुमान है,
जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं,
जिसकी हर साँस पर केवल राम का नाम है......

वो राम जो जग का दाता उस राम से दुनिया सारी,
जिसने कितनों की नैया भव सागर पार उतारी,
उस राम पे भी जिस सेवक का एहसान है,
वो हनुमान है, वो हनुमान है
जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं,
जिसकी हर साँस पर केवल राम का नाम है,

जो जीत सके हर मन को वो तीर नहीं तरकश में,
सोनू हनुमान सिखाते भगवान् भगत के वश में,
जिसके सुमिरण से मिल जाते प्रभु राम हैं,
वो हनुमान है वो हनुमान है
जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं,
जिसकी हर साँस पर केवल राम का नाम है...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/21476/title/jisne-saade-raghuvar-ke-saare-kaam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |